दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, सोमवार 08 अप्रैल 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-187

देश के 3 राज्यों में इनकम टैक्स की बड़ी छापेमारी

नईदिल्ली (आरएनएस)। देश के तीन राज्यों में 50 से ज्यादा जगहों पर आईटी अधिकारियों ने छापेमारी की कार्यवाई की है। समाचार लिखे जाने तक यह कार्यवाई देश के तीन राज्यों के 50 स्थानों पर जारी है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के ओएसडी प्रवीण कक्कड़ के इंदौर स्थित आवास तथा उनके सलाहकार राजेंद्र कुमार मिगलानी के दिल्ली स्थित आवास पर भी आईटी विभाग ने छापेमारी की है।

मप्र के सीएम के ओएसडी के यहां भी छापा

मिली जानकारी के अनुसार यह छापेमारी हवाला के जरिए धन के लेन-देन के सिलसिले में की गई है. अभी तक आयकर विभाग की टीम को 9 करोड़ रुपये बरामद हो चुके हैं.

आयकर विभाग की टीम ने दिल्ली और मध्य प्रदेश के छह ठिकानों पर छापे मारे हैं. आयकर विभाग के अधिकारियों की एक टीम दिल्ली से कक्कड़ के इंदौर के पोश इलाके विजय नगर में स्थित घर तड़के तीन बजे पहुंची और वहां तलाशी शुरू कर दी. आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया कि दो अधिकारियों ने चुनाव के दौरान हवाले के जरिए धन का लेन-देन किया है.

सूत्रों ने बताया कि आयकर के छापों के दौरान जब्त दस्तावेजों की विस्तृत जांच की जा रही है. कक्कड़ राज्य पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी हैं. उन्हें गत दिसंबर में राज्य में कांग्रेस सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री कमलनाथ का ओएसडी नियुक्त किया गया था. वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं रतलाम के निवर्तमान सांसद कांतिलाल भूरिया जब केंद्र की पूर्ववर्ती संप्रग सरकार में मंत्री थे, तब कक्कड़ उनके भी ओएसडी रहे थे. कक्कड़ का परिवार हॉस्पिटैलिटी समेत विभिन्न क्षेत्रों के कारोबार से जुड़ा है.

बता दें, इससे पहले आयकर विभाग के अधिकारियों ने कर्नाटक में कांग्रेस और जेडीएस गठबंधन से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी. इसके बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री कुमारस्वामी और कांग्रेस ने इसको लेकर पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा था. इन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया था कि विपक्षी पार्टियों के खिलाफ सरकार अपनी शक्ति का इस्तेमाल कर रही है. विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार चुनाव से पहले आयकर विभाग का इस्तेमाल करके विपक्षी नेताओं का मनोबल तोड़ना चाहती है.

ओएसडी प्रवीण कक्कड़ के ठिकानों पर तड़के 3 बजे से रेड चल रही है। आयकर की टीम विजय नगर स्थित शोरूम समेत अन्या स्थानों पर भी जांच कर रही है। बताया जा रहा है प्रवीण जब पुलिस महकमे में अधिकारी थे तभी उनके खिलाफ कई मामले सामने आए थे। मुख्यमंत्री कमलनाथ के राइट हैंड माने जाने वाले सलाहकार राजेंद्र कुमार मिगलानी (आरके मिगलानी) के दिल्ली स्थित निवास ग्रीन पार्क में आयकर की टीम ने दबिश दी है।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के ओएसडी के आवास पर रात 3 बजे आयकर विभाग का छापा पड़ा. मौके पर करीब 15 अधिकारी सर्चिंग के काम में लगे हुए हैं. वहीं, देशभर में तीन राज्यों के 50 ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी जारी है जिसमें 300 अधिकारी लगे हुए हैं. इस छापे के तार अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर मामले से जुड़ते हुए नजर आ रहे हैं.

कमलनाथ के ओएसडी प्रवीण कक्कड़ के विजयनगर स्थित घर पर शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात 3 बजे आयकर विभाग ने छापेमारी की. कक्कड़ पर आय से अधिक संपत्ति का मामला बताया जा रहा है. कक्कड़ के इंदौर में चार और भोपाल के एक ठिकाने पर छापेमारी की गई है. लंबे समय तक कमलनाथ के ओएसडी रहे आरके मिगलानी के दिल्ली के ठिकानों पर भी कार्रवाई जारी है।

महत्वपूर्ण एवं खास

राजधानी का तापमान अधिकतम 38 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार की सुबह तेज धूप रही। रविवार को अधिकतम तापमान मौसम के सामान्य तापमान से चार डिग्री ज्यादा 38.7 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने कहा, न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कुछ स्थानों पर गर्म हवाएं चलने की संभावना है। सुबह 8.30 बजे आर्द्रता 68 प्रतिशत दर्ज की गई। शनिवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस वहीं न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इंडोनेशिया में 6.1 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी नहीं

जकार्ता (आरएनएस)। इंडोनेशिया के नूसा तेंगारा प्रांत में रविवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। मौसम विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा, भूकंप तड़के 4.54 बजे आया और इसका केंद्र अलोर से 148 किलोमीटर पूर्वोत्तर में जमीन से 573 किलोमीटर अंदर था। अधिकारी ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ से कहा, भूकंप में सुनामी पैदा करने की क्षमता नहीं थी, इसलिए हमने चेतावनी जारी नहीं की। भूकंप में किसी जान-माल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं है। पैसिफिक रिंग ऑफ फायर नाम के भूकंप संभावित क्षेत्र में होने के कारण इंडोनेशिया में भूकंप आते रहते हैं।

यूएफसी लड़ाकों जैसे दिखते हैं शरण मांगने वाले : ट्रंप

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि शरण मांगने वाले अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप (यूएफसी) लड़ाकों की तरह दिखते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह बयान शनिवार को लास वेगास में रिपब्लिकन यहूदी गठबंधन को संबोधित करते हुए दिया। मिश्रित मार्शल आर्ट प्रचारक कंपनी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, आपने जो सबसे असभ्य लोग देखें हैं, ऐसा लगता है जैसे उन्हें यूएफसी के लिए लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, वे (शरण मांगने वाले) हर जगह पाए जाने वाले अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए एक छोटे से पेज को पढ़ते हैं, आप अधिवक्ताओं को जानते हैं, वे उन्हें बताते हैं कि क्या कहना है। आप इस व्यक्ति को देखिए, आप कहेंगे, च्वाओ, यह एक कठोर बिस्किट हैज। राष्ट्रपति ने शरण मांगने वालों का समर्थन करने वालों का भी मजाक उड़ाया कि वे शरण मांगने वालों की मंशा से अनजान होने का नाटक करते हैं। ट्रंप ने शरण मांगने वालों की नकल करते हुए कहा, ओह, उन्हें शरण दो.. वह डरा हुआ है, वह डरा हुआ है। ट्रंप ने उत्तरी त्रिकोण के नाम से प्रसिद्ध तीन मध्य अमेरिकी देशों की अमेरिका जा रहे कारवों में भूमिका के कारण उनपर प्रतिबंध लगाने के अपने निर्णय को भी सही ठहराया।

आईएस का एक प्रमुख नेता मारा गया

बगदाद (आरएनएस)। इराक के पश्चिमी प्रांत अनबर में इराकी सुरक्षा बलों ने शनिवार को इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक प्रमुख नेता को मार गिराया। प्रांत के पुलिस प्रमुख हादी एर्जीज ने शिन्हुआ को बताया कि आईएस नेता सुलेमान अहमद मुदीन को अंबर के ऑपरेशन कमांड और प्रांतीय पुलिस कमांडो के संयुक्त बल ने बगदाद से करीब 110 किलामीटर दूर प्रांत की राजधानी रमादी के दक्षिण-पश्चिम में अल-रज़ाजा झील के पास एक रेगिस्तानी इलाके में एक अभियान में मारा है। उन्होंने बताया मारा गया आतंकवादी अनबर प्रांत में आईएस शिविर का प्रशासनिक नेता था और पिछले कुछ वर्षों के दौरान प्रांत में कई आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार था। आईएस आतंकवादी अभी भी अनबर के रेगिस्तान के बड़े क्षेत्र में सक्रिय हैं जिसकी सीमा पड़ोसी देश सीरिया, जॉर्डन और सउदी अरब के साथ लगती है। हाल के दिनों में आतंकवादी समूह ने कई नागरिकों का अपहरण कर लिया और कई को मार दिया है।

दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी में खराब भोजन खाने के बाद 50 यात्री बीमार

गोमो स्टेशन पर बरपा हंगामा

बोकारो(आरएनएस)। बिहार में दक्षिण-पूर्व रेलवे के आद्रा रेल मंडल के बोकारो स्टेशन पर आज सुबह राजधानी एक्सप्रेस में खाना खाने के बाद करीब 50 यात्री फूड प्वाईजनिंग के शिकार हो गये। बोकारो रेलवे स्टेशन के स्पेशल मैनेजर जी. एम. सिंह ने यहां बताया कि नयी दिल्ली से भुवनेश्वर जा रही 22824 राजधानी एक्सप्रेस में सवार यात्रियों को गया जंक्शन पर रात्रि में खाना दिया गया था जिसे खाने के बाद 50 यात्री फूड प्वाईजनिंग के शिकार हो गये। रविवार सुबह 8 बजे गाड़ी गोमो रेलवे स्टेशन पहुंची तो यात्रियों ने जमकर बवाल काटा।

सिंह ने बताया कि बीमार होने वाले यात्री इस ट्रेन की कोच संख्या बी-3, बी-5, बी-7 और बी-9 में सवार थे। चिकित्सकों की टीम बीमार यात्रियों का इलाज ट्रेन में ही कर रहे हैं। जमशेदपुर से चिकित्सकों की दूसरी टीम ट्रेन में सवार होगी जो यात्रियों की देखभाल करेगी। हालांकि उन्होंने बताया कि सभी यात्री खतरे से बाहर हैं। उन्होंने बताया कि यात्रियों को परोसे गये भोजन का नमूना लेकर जांच की जा रही है।

चीन बढ़ा रहा अंतरिक्ष में सैन्य ताकत, अमेरिका ने जताई चिंता

हॉन्ग कॉन्ग। अपनी विस्तारवादी और आक्रामक नीतियों की वजह से चर्चा में रहने वाला चीन अब अंतरिक्ष में अपनी सैन्य शक्ति बढ़ा रहा है। चीनी सेना अलग से कई मिलिटरी यूनिटों को बना चुकी है, जिन्हें अंतरिक्ष में हमलों के लिए खास तौर पर प्रशिक्षित किया गया है। स्पेस वॉर को ध्यान में रखते हुए चीन के इन सैन्य कार्यक्रमों पर अमेरिका ने चिंता जताई है। वहीं, भारत भी अंतरिक्ष में दुश्मनों के किसी भी नापाक इरादे को नाकाम करने की क्षमता विकसित करने के कई विकल्पों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इनमें डायरेक्टेड एनर्जी वेपंस और को-ऑर्बिटल किलर्स की मौजूदगी के साथ-साथ अपने उपग्रहों को इलेक्ट्रॉनिक या फिजिकल अटैक्स से बचाने की क्षमता पैदा करने जैसे उपाय शामिल हैं। बीते दिनों ए-सैट की परीक्षण तो बस बानगी भर है।

यूनाइटेड स्टेट्स डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट अंतरिक्ष में चीन द्वारा सैन्य शक्ति बढ़ाने के हालिया कार्यक्रमों पर रोशनी डाली गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पीपल्स लिबरेशन आर्मी अंतरिक्ष में हमलों के लिए प्रशिक्षित मिलिटरी यूनिटों को बना चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने हाई अर्थ ऑर्बिट में 37,000 किलोमीटर तक की ऊंचाई पर मार कर सकने वाली मिसाइलों का परीक्षण कर सकता है। बता दें कि भारत ने बीते दिनों एक ऐंटी-सैटलाइट मिसाइल का सफल परीक्षण किया था। भारत ने मिशन शक्ति के तहत लो अर्थ ऑर्बिट में करीब 300 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित अपने एक लाइव सैटलाइट को मार गिराया था। माना जा रहा है कि भारतीय ऐंटी-सैटलाइट मिसाइल की रेंज 1000 किलोमीटर से ज्यादा है।

डीआईए की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि चीन 2007 से ही अंतरिक्ष से अमेरिका और यूरोपियन देशों की जासूसी में शामिल है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है, पीएलए की यूनिट 2007 से ही अमेरिका और यूरोपियन सैटलाइट ऐंड ऐरोस्पेस इंडस्ट्रिज के खिलाफ साइबर जासूसी में शामिल रहा है।

पाकिस्तान को डर, 16 से 20 अप्रैल के बीच फिर हमला कर सकता है भारत

कराची। एयर स्ट्राइक के खौफ से पाकिस्तान अब भी उबर नहीं पाया है। उसने बेहद विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर दावा किया है कि भारत इस महीने एक और हमले की तैयारी कर रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने रविवार को यह बात कही। दरअसल, पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की थी, जिसके बाद दोनों परमाणु देशों के बीच टेंशन है। कुरैशी ने दावा किया है कि भारत की तरफ से यह हमला 16 से 20 अप्रैल के बीच हो सकता है।



पाकिस्तान में खौफ कितना है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि इंडियन एयर फोर्स की स्ट्राइक के एक महीने बाद भी पड़ोसी देश ने हवाई मार्ग पूरी तरह से नहीं खोले हैं। स्ट्राइक के बाद ही पाकिस्तान ने भारत से आने-जाने वाली उड़ानों के लिए अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया था। पाकिस्तान ने दो दिन पहले पश्चिमी देशों की ओर जाने वाली फ्लाइटों के लिए अपने एक हवाई रास्ते को खोला जबकि बाकी बचे 10 हवाई रास्ते अब भी बंद रहेंगे।

पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने 14 फरवरी को सीआरपीएफ के काफिले पर हमला किया था, जिसमें सेना के 40 जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 27 फरवरी को पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया था। इसके अगले दिन पाकिस्तान ने भारत की सीमा में घुसने की कोशिश की।

पाकिस्तान के फाइटर जेट को खदेड़ने के दौरान पाक एयर फोर्स ने एक भारतीय विमान को गिरा दिया था और उसके पायलट को गिरफ्तार कर लिया।

देवबंद में बजेगा महागठबंधन का चुनावी बिगुल

25 वर्ष बाद एक मंच पर इक्ट्ठे होंगे सपा-बसपा

लखनऊ (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बीच हुए गठबंधन के तहत 25 साल बाद पहली बार दोनों दलों की संयुक्त जनसभा रविवार को होने जा रही है। यह जनसभा सहारनपुर के देवबंद में जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज के पास आयोजित की गई है। सपा प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा, देवबंद की रैली में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा मुखिया मायावती और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) प्रमुख अजीत सिंह मौजूद रहेंगे। आने वाले समय में ऐसी कई रैलियां आयोजित होंगी जिसमें तीनों पार्टियों के नेता एक मंच पर होंगे।झ बसपा ने बयान जारी करते हुए कहा, मायावती आज (रविवार) लखनऊ स्थित अमौसी हवाई अड्डा से निजी विमान से सहारनपुर स्थित सरसावां हवाई अड्डा जाएंगी।

सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, जैश के 3 आतंकी घिरे

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबलों ने जैश ए मोहम्मद के तीन आतंकियों को घेर लिया हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। त्राल के काहिलिल जंगलों में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद, राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर), राज्य पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों के साथ सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की, जिसका सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। मिली जानकारी के अनुसार जहां यह मुठभेड़ चल रही है, वो जंगल का इलाका है। सुरक्षाबलों ने इलाके को चारों तरफ से घेर लिया है और इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

कांग्रेस ने विधानसभा के 9 उम्मीदवारों की घोषणा की

भुवनेश्वर (आरएनएस)। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने रविवार को ओडिशा के विधानसभा सीटों के लिए नौ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।

ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओपीसीसी) अध्यक्ष निरंजन पटनायक भद्रक जिले के भंडारीपोखरी विधानसभा सीट के अलावा केउंझर जिले के घासीपुरा विधानसभा सीट से भी चुनाव लड़ेंगे। नलिनीकांता मोहंती भद्रक से, बचरना से सीताकांत मोहापात्रा, सलेहपुर से रबिद्रनाथ कर, महाकालपाड़ा से बिभ्रांशु सेखर लंका, बालिकुडा इरसामा से डॉ. लालतेंदु महोपात्रा और निमापाड़ा से सत्यब्रत पात्रा चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने अपने दो उम्मीदवारों में बदलाव किया है। देबी प्रसाद मल्लिक को बिभू प्रसाद तराई की जगह तिर्तोल विधानसभा सीट से उतारा गया है, जबकि स्मृति रेखा पही की जगह किसन पांडा को धरमशाला से उतारा गया है। इस बीच बीजू जनता दल ने रविवार को सरोजिनी हेमब्राम को बारीपाड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारने की घोषणा की है। सरोजिनी मौजूदा समय में राज्यसभा सांसद हैं। उन्हें बांगरीपोसी निर्वाचन क्षेत्र से 2009 में विधायक चुना गया था।

लोकसभा चुनावः रॉबर्ट वाड्रा ने कहा- कांग्रेस के लिए पूरे देश में करूंगा प्रचार, जेटली ने ली चुटकी

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव और पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा को कांग्रेस के लिए पूरे देश में चुनाव प्रचार करने से कोई परहेज नहीं है। उनका कहना है कि यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के नामांकन पत्र भरने के बाद वह पूरे भारत में कांग्रेस पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। वहीं, केंद्रीय वित्त मंत्री और वरिष्ठ बीजेपी नेता अरुण जेटली ने इस बयान पर वाड्रा की चुटकी ली है।

रॉबर्ट वाड्रा ने रविवार को कहा कि वह अमेठी और रायबरेली में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के नामांकन भरते समय उनके साथ मौजूद रहेंगे। वह इन दोनों नेताओं के लोकसभा क्षेत्रों में जाकर चुनाव प्रचार भी करेंगे। राहुल गांधी 10 अप्रैल को अमेठी में तो सोनिया गांधी 11 अप्रैल को रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। दूसरी तरफ, वित्त मंत्री अरुण जेटली ने वाड्रा के बयान पर टिप्पणी की है। उनका कहना है, मुझे नहीं पता कि इससे कांग्रेस पार्टी के प्रचार अभियान को फायदा पहुंचेगा या फिर बीजेपी के। रॉबर्ट वाड्रा ने कुछ दिनों पहले संकेत दिए थे कि अगर उनके ऊपर लगे आरोप खत्म हो जाएंगे तो वह राजनीति में आ सकते हैं। वाड्रा पर जमीन के भ्रष्टाचार को लेकर मामला चल रहा है। उन पर आरोप है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार के दौरान उन्होंने सस्ते दर पर काफी जमीनें खरीद लीं थी, बाद में उन्हें महंगे दामों पर बेच दिया।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव हेतु दिया न्याय का नारा

लॉन्च किया पोस्टर

नईदिल्ली(आरएनएस)। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2019 के लिए अपने चुनावी कैंपेन की शुरुआत कर दी है. कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए न्याय का नारा दिया. कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से ट्वीट किया गया - गरीबी पर वार होगा, सपना ये साकार होगा. कांग्रेस सरकार में, सशक्त गरीब परिवार होगा. कांग्रेस ने अब होगा न्याय का पोस्टर लॉन्च किया. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा और प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने प्रेसवार्ता कर इसका ऐलान भी किया. उन्होंने कहा कि देश ने अच्छे दिन नहीं, खराब दिन देखे. देश की हालत खराब रही. आनंद शर्मा ने कहा कि नौजवान, रोजगार के लिए न्याय मांगता है. उन्होंने कहा कि समाज का हर वर्ग न्याय मांग रहा है. सरकार ने लोगों को सपने दिखा कर उसे चकनाचूर कर दिया है.